# फर्जी चालक पेश कर पुलिस को किया गुमराह

## टीआई ने नई धाराओं में दो पर केस दर्ज किया

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 अक्टूबर।** फूप थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-719 पर बीते सप्ताह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में अब चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। इस भीषण दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित शहर के गोताखोर की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि हादसे का असली आरोपी खुद को बचाने के लिए अपने रिश्तेदार को झूठा चालक बनाकर पेश कर रहा था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पूरे षड्यंत्र का खुलासा करते हुए वाहन मालिक और उसके सहयोगी दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



**यह है पूरी घटना:** फूप थाना टीआई सतेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि दर्दनाक हादसा 30 सितंबर की सुबह करीब 11 बजे फूप थाना क्षेत्र के टेढ़ा पुलिया के पास हुआ था। पावई क्षेत्र के सोरा गांव निवासी सुनील बघेल अपनी पत्नी पपीता बघेल, पुत्री अंशु और पुत्र छोटे बघेल के साथ बाइक से फूप कस्बे में अपने चाचा हवलदार सिंह के घर अष्टमी पूजा में शामिल होने जा रहे थे। उसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर क्रमांक एमपी 07 जेडएल 8708 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि परिवार के चारों सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। इसी हादसे में पीछे से आ रहे भिंड शहर के गोताखोर भोला खान भी रौंदे गए, जिससे उनकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**रिश्तेदार को रुपए देकर खुद को बचाने की कोशिश:** मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि वाहन मालिक राहुल कुशवाह ने खुद को बचाने के लिए अपने रिश्तेदार कल्लू कुशवाह को डेढ़ लाख रुपए का लालच देकर पुलिस के सामने झूठा चालक बनाकर पेश कर दिया। कल्लू ने पुलिस के सामने खुद को दुर्घटना का जिम्मेदार बताया। लेकिन जब पुलिस ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सारा सच सामने आ गया।

**सीसीटीवी फुटेज ने किया राज फाश:** फूटेज में स्पष्ट दिखाई दिया कि हादसे के वक्त वाहन स्वयं राहुल कुशवाह चला रहा था, जिसने तेज रफ्तार में ओवरटेक करते हुए बाइक सवारों को कुचला और मौके से भाग गया। जिस फुटेज के आधार पर इस घटना का खुलासा हुआ है।

> **दोनों आरोपी गिरफ्तार**
> सड़क हादसे के बाद जांच में यह प्रमाणित हुआ कि वाहन मालिक ने पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी गढ़ी और साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया। मामले में अब नई धाराएं 217, 212, 238, 242 व 61 (2) बीएनएस (पूर्व में 182, 177, 201, 205, 120-बी आईपीसी) जोड़ी गई हैं। पुलिस ने वाहन मालिक राहुल कुशवाह और झूठा चालक बने कल्लू कुशवाह दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।
> **सतेंद्र सिंह राजपूत, टीआई, थाना फूप**

# शिशु मंदिर में जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**भिंड।** मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान तथा जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर लहार और सरस्वती शिशु मंदिर दबोह में एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति भिंड के अध्यक्ष अनुजकांत उदैनिया, बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना, आउटरीच कार्यकर्ता दीपेन्द्र शर्मा, पोक्सो सपोर्ट पर्सन राहुल राजपूत, विद्यालय के प्राचार्य रामजीलाल शुक्ला और सेवा भारती युवान से आकाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने बच्चों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि बाल अधिकार बच्चे के जन्म से पहले ही प्रारंभ हो जाते हैं और जीवनभर चलते हैं। उन्होंने संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और वैकल्पिक देखरेख का अधिकार जैसे अधिकारों के महत्व को विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारों की मांग के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी आवश्यक है, जिससे समाज में संतुलन और संवेदनशीलता बनी रहे। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और चाइल्ड हेल्पलाइन से संबंधित पोस्टर, लोगो स्टिकर और पोक्सो किट का वितरण किया गया। इस दौरान पोक्सो एक्ट (बाल यौन अपराध से संरक्षण अधिनियम) पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, उनसे बचाव के तरीके, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बाल अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को आत्मरक्षा, अधिकारों की जानकारी और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। इस पहल की सराहना विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने की तथा इस तरह की गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित करने की मांग रखी।




# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,07अक्टूबर।** वोट चोर,गद्दी छोड़ अभियान के तहत मालनपुर मंगल गार्डन में कांग्रेस ने कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामशेज बघेल ने कहा कि पूरे देश भर में कांग्रेस के की ओर से वोट चोर, गददी छोड़ अभियान शुरू किया है ,इसके तहत आगामी दिनों में जिला भर में वोट चोर,गद्दी छोड़ अभियान चलाकर केंद्रीय चुनाव आयोग के खिलाफ अभियान चलाकर हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। गोहद के पूर्व विधायक मेवाराम जाटव ने बताया कि लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस ने यह अभियान देश भर में चलाया है और चुनाव आयोग के द्वारा चुनावों में धांधलियों किए जाने के खिलाफ यह अभियान चला है। पार्टी के प्रदेश महासचिव राघवेंद्र शर्मा ने ने बताया कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र से 1500 हस्ताक्षर करवा कर भेजे जाएंगे।, जिसमें युवा कांग्रेस, सेवादल व बाकी कांग्रेस के सदस्य इस अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में जाकर काम करेंगे। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह तोमर ,सोखी पटेल ,देवी सिंह तोमर, केदार सिंह कौशल, सरदार जोग सिंह, रामसेवक कौशल सोहबत खान कृष्णा कुशवाहा ,बृजमोहन बघेल,बनवारी ,सरदार मोनू सिंह, सरदार बूटा सिंह आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भीड़ ने महिला को रंगे हाथों पकड़ा, किया हंगामा

## साड़ी की दुकान में चोरी के शक में जमकर की चप्पलों से पिटाई

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अक्टूबर।** शहर के सदर बाजार में मंगलवार को एक महिला को चोरी के शक में लोगों ने पकड़कर जमकर पीट दिया। करवा चौथ की खरीदारी के चलते बाजार में भारी भीड़ थी, इसी दौरान महिला एक साड़ी की दुकान में खरीदारी का बहाना बनाकर पहुंची और वहां मौजूद एक अन्य महिला के बैग से नकदी निकालने की कोशिश करने लगी। आसपास मौजूद ग्राहकों को जब महिला की हरकत पर शक हुआ तो उन्होंने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने



महिला को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से महिला को किसी तरह छुड़ाकर थाने ले गई।

थाने में पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम जालौन जिले की निवासी बताया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला ने स्वीकार किया कि वह चार से पांच अन्य महिलाओं के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देती है। यह गिरोह अलग-अलग बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सक्रिय रहता है। पुलिस अब इस गिरोह की अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

करवा चौथ जैसे त्योहारों के मौके पर शहर के बाजारों में खरीदारी को लेकर भीड़ बढ़ जाती है। इसी भीड़ का फायदा उठाने के लिए महिला चोर गैंग सक्रिय हो जाते हैं। सदर बाजार के व्यापारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ऐसी संदिग्ध महिलाएं बाजार में घूमती देखी जा रही थीं। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजारों में महिला पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

> फिलहाल थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। जैसे ही फरियादी थाने आएगा, चोरी की पुष्टि कराई जाएगी और महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा। वहीं पुलिस संदिग्ध महिला से पूछताछ कर रही है और उसके बताए अनुसार गिरोह की अन्य महिलाओं की तलाश में टीम रवाना की गई है।
> **बृजेंद्र सेंगर, टीआई, थाना सिटी कोतवाली**

## ब्रिजिशनगर में आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

ब्रिजिशनगर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण भारतवर्ष मे आरएसएस पथ संचलन कर शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है. मंगलवार को संघ के स्वयं सेवकों द्वारा विशाल पथ संचलन किया गया. ब्रिजिशनगर उपखंड के स्वयंसेवक अपने निर्धारित स्थान पर संघ गणवेश में पहुंचे जहां से कदम ताल करते हुए हनुमान मंदिर पर भारत माता की पूजा-अर्चना कर शस्त्र पूजन किया. इसके बाद संघ के प्रांतीय अधिकारी ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया. उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रकाश डाला. पथ संचलन कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंचा. नागरिकों व मातृ शक्तियों द्वारा पथ संचलन का स्वागत किया गया.

## हर्षोल्लास के साथ मनाया महाराज अजमीढ़ का जन्मोत्सव

**सीहोर.** स्वर्णकार समाज के आदिपुरुष महाराजा अजमीढ़ के जन्मोत्सव शरद पूर्णिमा पर ब्रजमोहन सोनी के निवास पर पूजन आरती व प्रसाद वितरण के साथ मनाई गई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज जन व महिलाएं उपस्थित रहीं. इस मौके पर शहर अध्यक्ष विजय सोनी, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सोनी, राजेन्द्र सोनी, संतोष सोनी, हेमन्त सोनी, भगवान सोनी, अजय सोनी, अनिल सोनी, सरोज सोनी, सोना सोनी, ज्योति सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में समाज के विकास पर चर्चा भी की गई.

# संघ का शताब्दी वर्ष : विजयादशमी उत्सव व शस्त्र पूजन कार्यक्रम

## सैकड़ों स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन



**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंगलवार को विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक गणवेश धारण कर उपस्थित हुए और नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला।

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने 'संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का, वह काम सब किए चलो', 'भारत माता की जय' और 'जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान है' जैसे देशभक्ति नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से गूंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यभारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता उपस्थित रहे। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी हिंदू सहोदर हैं, समाज में किसी भी प्रकार का छोटा-बड़ा, रंग, भाषा या जाति का भेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शक्ति से ही समाज और राष्ट्र की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवक जीवन को एक ध्येय के लिए समर्पित करें और भारत माता को परम वैभव के सिंहासन पर आसीन कर अपना जीवन सार्थक बनाएं।

## मद्य निषेध सप्ताह का समापन आज

सीहोर. संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान मेंमद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान अनेक तरह की गतिविधियां की गई. बुधवार को मद्य निषेध सप्ताह का दोपहर साढ़े तीन बजे समापन किया जाएगा.

# आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति के चुनाव

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अक्टूबर।** आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति जिला भिंड का चुनाव रामनारायण वाटिका में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस चुनाव में सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

समिति के मीडिया प्रभारी रविरमन प्रजापति ने जानकारी दी कि राजेश कुमार प्रजापति को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अध्यक्ष भी सर्वसम्मति या आपसी सहमति से बनाए गए हैं। इनमें जसवंत सिंह प्रजापति (शिक्षक) को मेहगांव अध्यक्ष, रामनरेश प्रजापति को गोहद अध्यक्ष, कामता प्रसाद प्रजापति को मालनपुर अध्यक्ष, डॉ. कल्याण सिंह प्रजापति को गौरमी अध्यक्ष तथा



सोमदेव प्रजापति को अटेर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के अनेक सदस्य और समाज के सैकड़ों वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति ने पदभार ग्रहण करते ही समाजहित में बड़ा निर्णय लेते हुए घोषणा की कि समिति 19 अप्रैल 2026 को अखिज के पावन अवसर पर एक भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करेगी। उन्होंने समाज के सभी भाइयों से आग्रह किया कि वे अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों का शीघ्र पंजीयन कराकर इस सम्मेलन का लाभ लें।

समिति का उद्देश्य दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करना और यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रजापति भाई पर बेटी बोझ न बने। कार्यक्रम के अंत में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और आर्थिक सहयोग का सशक्त उदाहरण बताया।

# किसानों को खाद की जगह मिल रही लाठी : इंद्रवीर

## भाजपा का किसान विरोधी चेहरा उजागर : भदौरिया



**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अक्टूबर।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में किसानों को खाद की जगह लाठियां मिल रही हैं, जबकि सरकार में बैठे भाजपा नेता खुद खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं यह आरोप भिंड जिला किसान कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह गुर्जर ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित होटल नारायणी में आयोजित प्रेसवार्ता में लगाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें पुलिसिया दमन का शिकार बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के मंत्री और अधिकारी खाद की ब्लैक मार्केटिंग में लिप्त हैं, जबकि किसान खेतों में उर्वरक के अभाव में परेशान हैं। हाल ही में लहार क्षेत्र में खाद वितरण को लेकर किसानों पर लाठीचार्ज की घटना इसका उदाहरण है।

प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि जिले के किसान रात में दो-दो बजे से महिलाएं और बच्चों को लेकर खाद केंद्रों पर लाइन में लगते हैं, लेकिन न समय पर पर्ची मिलती है और न खाद। जब किसान विरोध दर्ज कराते हैं, तो पुलिस लाठियां चलाकर उन्हें भगा देती है। यह सरकार की किसान विरोधी नीतियों को उजागर करता है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, रामप्रकाश यादव और बाबा भगवानदास सैंथिया ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार के दो साल पूरे होने के बावजूद जनता से किए एक भी वादे पूरे नहीं हुए हैं। चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी बताकर किसानों और जनता को भ्रमित किया, लेकिन अब वे वादे कागजों तक सीमित हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज और सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा कि भाजपा ने किसानों से 2700 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं, 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान, किसान सम्मान निधि में सालाना 12,000 रुपये, मुख्यमंत्री जन आवास योजना से लाड़ली बहनों को पक्का मकान, हर परिवार से एक को रोजगार तथा 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने के वादे किए थे। प्रेसवार्ता में किसान कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, पूर्व अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, मानसिंह कुशवाह, डॉ. राधेश्याम शर्मा, रामप्रकाश यादव, डॉ. अनिल भारद्वाज, भगवानदास सैंथिया, संदीप मिश्रा, अरविंद बघेल, रामहर्ष कुशवाह, गजेन्द्र भदौरिया, वीरेंद्र यादव, जगत सिंह यादव, बबलू त्यागी, हेमू शर्मा, नरेश सिंह बघेल, शनि भदौरिया और आशीष शर्मा सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# दो दवाओं की बिक्री पर लगी रोक, स्टॉक फ्रीज



**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अक्टूबर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने अमानक दवाओं की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की है। औषधि निरीक्षक डॉ. आकांक्षा गरुड़ ने जानकारी दी कि रीलाइफ सिरप और रेस्पीफ्रेश टीआर सिरप को अमानक श्रेणी में पाए जाने पर 6 अक्टूबर 2025 से इनकी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया था।

मुख्यालय से प्राप्त आदेशों के बाद जिलेभर में इन दोनों दवाओं की उपलब्धता की सघन जांच की गई। जांच के दौरान रेलाइफ सिरप तो अनुपलब्ध पाया गया, लेकिन रेस्पीफ्रेश टीआर सिरप की सप्लाई स्टॉकिस्ट नीलकंठ ट्रेडर्स, बरुआ नगर लश्कर रोड भिंड पर पाई गई, जिसे विक्रय हेतु राठौर मेडिकल, मेहगांव को उपलब्ध कराया गया था। औषधि निरीक्षक डॉ. गरुड़ ने टीम सहित दोनों स्थानों पर दबिश देकर दवाओं का स्टॉक तत्काल फ्रीज़ कर दिया। साथ ही रेस्पीफ्रेश की अन्य बैचों के सैंपल लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने तक इन दवाओं के क्रय-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डॉ. गरुड़ ने जिले के सभी केमिस्टों को निर्देश दिए कि वे बिना डॉक्टर के पर्चे के कफ सिरप न बेचें तथा एफडीसी दवाएं चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को न दें। इस संबंध में शीघ्र ही केमिस्ट मीटिंग आयोजित कर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## भावांतर योजना में 5434 ने कराया पंजीयन

नवभारत न्यूज
सीहोर 7 अक्टूबर. सरकार द्वारा खरीफ में सोयाबीन उत्पादक कृषकों के लिए भावांतर योजना लागू की गई है. भावांतर योजना के संबंध में पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर निर्देश दिए. प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि भावांतर योजना एक किसान हितैषी योजना है, इसका लाभ जिले के हर सोयाबीन उत्पादक किसान को मिलना चाहिए. उन्होंने निर्देश दिए हैं कि भावांतर योजना के संबंध में व्यापक जागरुकता फैलाएं. योजना के सभी बिंदुओं की स्पष्ट जानकारी सोयाबीन उत्पादक किसानों तक पहुंचाई जाए. प्रत्येक किसानों तक योजना के लाभ की जानकारी पहुंचाते हुए, योजना के तहत पंजीयन कराया जाए. विक्रय के दौरान हर मंडी में मॉडल रेट और समर्थन मूल्य का डिसप्ले किया जाए. जिससे किसानों को इनकी जानकारी रहे और व्यापारी व बिचौलिए फायदा न उठा पाएं.
उन्होंने कहा जिले के किसानों को भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल के पंजीयन एवं विक्रय में कोई कठिनाई न हो, प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे. उन्होंने कहा कि विकासखंड स्तर पर भी कृषकों और व्यापारियों के साथ बैठकें की जाएं. एसडीएम एवं नोडल अधिकारी विक्रय के दौरान प्रतिदिन मंडियों की मॉनिटरिंग करें.

## कांग्रेस ने किया वाल्मीकि जयंती चल समारोह का स्वागत

**सीहोर.** महार्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर निकाले गए चल समारोह का कोतवाली चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार शहर अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वागत किया. इस मौके पर निशांत वर्मा ने कहा कि भारत हमेशा से ही महान लोगों और विद्वानों का देश रहा है. महर्षि वाल्मीकि हमारे देश के उन महानतम लोगों में से एक थे. वह बहुत ज्ञानी होने के साथ महान व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे. उन्होंने कहा कि वाल्मीकि महान पवित्र ग्रंथ रामायण के लेखक भी हैं. इस अवसर प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, अभिषेक आदि उपस्थित थे.

# 10 साल बाद भी काम नहीं, भिंड-इटावा हाईवे को 6 लेन बनाएं, नहीं तो दिल्ली में धरना : रघु

**नवभारत**
**मेहगांव, 07 अक्टूबर।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर ने भिंड पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भिंड की सबसे बड़ी त्रासदी है कि यहां विकास की गाड़ियां रुकी पड़ी हैं, पर दुर्घटनाएं दौड़ रही हैं। नेशनल हाईवे 719 (ग्वालियर-भिंड-इटावा मार्ग) अब 'मौत का



रास्ता' बन गया है। हर हफ्ते लोग मर रहे हैं और सरकारें सो रही हैं।

रघु ठाकुर ने कहा कि ग्वालियर-भिंड-इटावा हाईवे (एनएच-719) पर हर सप्ताह असंख्य दुर्घटनाएँ हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मुआवजे पर करोड़ों खर्च कर देती है, लेकिन सड़क चौड़ी करने में एक पैसा नहीं लगाती। अब वक्त आ गया है कि इस सड़क को कम से कम फोर लेन, और बेहतर हो तो सिक्स लेन बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल यात्रियों के लिए नहीं, बल्कि किसानों, व्यापारियों और रोज़गार से जुड़े लाखों लोगों के जीवन की धुरी है। हम मांग करते हैं कि इस हाईवे को मजबूत डिवाइडर और सेफ्टी ज़ोन के साथ फोर या सिक्स लेन में तुरंत परिवर्तित किया जाए। अगर सरकार ने काम शुरू नहीं किया तो लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देगी और इसे राष्ट्रीय आंदोलन बनाएगी। रघु ठाकुर ने कहा कि भिंड-महोबा रेल लाइन जनता की वर्षों पुरानी मांग है, जो ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहते स्वीकृत हुई थी। हमारे आंदोलनों के बाद यह रेल लाइन मंजूर हुई थी, यहां तक कि भाजपा सरकार में मनोज सिन्हा (तब रेल राज्य मंत्री) ने भिंड आकर इसका ऐलान भी किया था, पर दस साल बीत गए आज तक पत्थर तक नहीं रखा गया।

रेल लाइन बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी, व्यापार, कृषि और पर्यटन को जबरदस्त लाभ होता, हजारों लोगों को रोजगार मिलता और सड़क हादसे भी घटते। यह सिर्फ रेल लाइन नहीं, भिंड की जीवन रेखा है। अगर सरकार इसे अब भी ठंडे बस्ते में रखती है तो जनता का धैर्य जवाब देगा। लोसपा का ऐलान विकास के सवालों पर अब निर्णायक लड़ाई । रघु ठाकुर ने घोषणा की किअगर सरकार ने एनएच-719 को 4/6 लेन और भिंड-महोबा रेल लाइन के काम को शुरू नहीं किया, तो लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी दिल्ली में जंतर-मंतर धरना देगी और जनांदोलन छेड़ेगी।